## एक नजर में

### राणापुर में निकला विशाल ऐतिहासिक पथ संचलन



**राणापुर :**–राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा ऐतिहासिक पथ संचलन निकाला । जिसमें भारी संख्या में स्वयंसेवक , संघ के घोष पर कदम ताल मिलाते । हुए नगर में निकले जिनका नगर की माता बहने बच्चों ने पूरे नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भानु भूरिया, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर नायक, अपनी टीम के साथ संचलन में भागीदारी कर रहे थे । विजयादशमी पर्व के साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर लिया । शताब्दी वर्ष के निमित्त वर्षभर संघ के आयोजन होने वाले हैं। जिसमें पथ संचलन से इसकी शुरुआत हो गई है। राणापुर में निकले पथ संचलन में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन भी गणवेश पहन कर सम्मिलित हुए ? ।जिसमे तीनो बेंड घोष कर आगे बढ़ रहा था। बड़ी संख्या में स्वयमसेवी करीबन एक किलोमीटर लंबी 3 की कतार देश को जगाने चल रहे थे। नगर परिषद अध्यक्ष दीपमाला नलवाया ने बस स्टैंड, शिवाजी चोक, सोनी गली हसमुखलाल सोनी,सुभाष चौपाटी योगेश पोरवाल आदि अन्य स्थानों पर फूल बारिश कर स्वागत किया गया । संचलन में विशेष अतिथि के रूप में भारत माता मंदिर के संस्थापक आचार्य रामानुज जी विराजमान थे । जिन्होंने क्षेत्र में ईसाई धर्मांतरण को षड्यंत्र बताते हुए , खुले मंच से आह्वान करते हुए, इस षड्यंत्र के खिलाफ प्रत्येक हिंदू परिवार तक पहुंचाने की बात कही मंच से वरिष्ठ प्रचारक ने अपने उद्बोधन में संघ शताब्दी वर्ष पर संघ के पंच परिवर्तन पर प्रकाश डाला , साथ ही स्वयंसेवकों के त्याग, अनुशासन का कर्तव्यबोध किया। पथ संचलन के बौद्धिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ समाजजन, माता बहने सुनने के लिए सम्मिलित हुए नगर में पथ संचलन मार्ग पर आकर्षक रंगोली माता बहनों, नगरजनो ने बनाई थी जिसकी विशेष चर्चा रही ।

### शरदपूर्णिमा के पावन पर्व पर सगर वंशीय माली समाज ने भगवान कृष्ण की शोभायात्रा निकाली



**राणापुर :**– हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शरदपूर्णिमा के पावन पर्व पर सगर वंशीय माली समाज ने भगवान कृष्ण की शोभयात्रा निकाली ।सुबह से माली समाज द्वारा भगवान का अभिषेक के साथ नगर में सम्पूर्ण माली समाज ने शोभायात्रा का आयोजन हुआ जिसमें दो बग्गिया सजाई गई ।भगवान रणछोड़ राय विराजमान होकर नगर की गलियों से निकले ।कुर्ते पाजामे वाली लाल दुपट्टा पहनकर पुरुष व महिलाओं ने लाल चुनरी धारण की थी ।हर चौराहो पर गरबा रास का आयोजन हुआ ।भगवान रणछोड़ राय की जय जय कार हुई ।सुबह 9 बजे से मालीपुरा के रणछोड़ राय मन्दिर से निकली शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से गुजर कर मंदिर पर आरती के रूप में समापन हुई ।आरती के पश्चात भंडारा प्रसादी का आयोजन हुआ ।रात में गरबा रास का आयोजन किया गया ।

### लायंस क्लब पेटलावद ग्रेटर द्वारा नशा मुक्ति संदेश के साथ सेवा कार्य



**पेटलावद।** लायंस क्लब ऑफ पेटलावद ग्रेटर द्वारा लायंस सेवा सप्ताह के अंतर्गत विविध सेवा गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।इसी क्रम में सोमवार को ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रमिक वर्ग के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 500 से अधिक श्रमिकों को नाश्ता वितरित किया गया तथा नशा मुक्ति का संदेश देते हुए उन्हें नशे से दूर रहने का संकल्प दिलवाया गया। क्लब के अध्यक्ष जीवन भंडारी ने कहा कि श्रमिकों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देना समाज के हित में आवश्यक है। चार्टर अध्यक्ष लायन अनिल शर्मा ने कहा कि सेवा के लिए स्थान या समय की नहीं, बल्कि मन के भाव की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर डिस्ट्रीक्ट चेयरपर्सन रविराज पुरोहित, क्लब सचिव वीरेंद्र भट्ट, सदस्य नवीन वैरागी, प्रवीण पंवार, धर्मेंद्र वैरागी, गणेश जाट, अनिरुद्ध अग्रवाल, रजनीश पटवा एवं राजेश जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सेवा सप्ताह के अंतर्गत क्लब द्वारा पर्यावरण सुरक्षा, यातायात सुरक्षा, नशामुक्ति एवं फूड फॉर हंगर जैसी गतिविधियों पर भी विशेष कार्य किए जा रहे हैं।

### सांसद अनिता चौहान ने रतलाम झाबुआ अलीराजपुर जिले के 8263 विद्युत विहीन परिवारों के लिए 39.79 करोड़ करवाए स्वीकृत

**आलीराजपुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान रतलाम झाबुआ आलीराजपुर संसदीय क्षेत्र में प्रवास के दौरान कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद श्रीमती अनिता चौहान के समक्ष विद्युत विहीन परिवारों की समस्या सामने आई। जिसके लिए मंत्रीचौहान ने सभी जगह स्पष्ट वादा किया कि अनिता चौहान के सांसद बनते ही हम प्राथमिकता से विद्युत विहीन परिवारों को घर घर बिजली भिजवाएंगे। परिणाम स्वरूप आम जनमानस ने बहुमत के साथ सांसद के रूप ने श्रीमती अनिता चौहान को वोट देकर जिताया और कैबिनेट मंत्री एवं सांसद ने भी अपने वादे को पूरा करते हुए रतलाम झाबुआ आलीराजपुर के विद्युत विहीन 8263 परिवारों के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 39.79 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिया। इस संबंध में केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने सांसद अनिता चौहान को पत्र लिख कर राशि स्वीकृत होने की जानकारी दी। विद्युत विहीन परिवारों की बनाई सूची, दिया मूर्त रूप : मंत्री सांसद हेल्पलाइन प्रभारी एवं विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए पूरे संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव पूर्व ही अपने स्तर से विद्युत विहीन परिवारों की सूची तैयार करवाई। जिसे सांसद अनिता चौहान ने केंद्रीय विद्युत मंत्री श्री मनोहर लाल को 30 जनवरी को पत्र प्रेषित कर संसदीय क्षेत्र रतलाम झाबुआ आलीराजपुर के विद्युत विहीन परिवारों तक विद्युतीकरण का अनुरोध किया। जिसपर केंद्रीय विद्युत विभाग द्वारा मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से सर्वे करवाया।


नवभारत

झाबुआ में अखबार, विज्ञापन व समाचार हेतु संपर्क करें:

बाली न्यूज एजेंसी

(लक्की शर्मा झाबुआ जिला ब्यूरो)

मो. न.- 6260765562, 7470402906

कार्यालय -राजवाडा ( झाबुआ )


# कलेक्टर ने दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के अंतर्गत कल्याणपुरा के पशुपालक से की भेंट

## युवा पशुपालक से कृत्रिम गर्भाधान, पशु पोषण एवं पशु उपचार संबंधी चर्चा की



**झाबुआ, 06 अक्टूबर 2025। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2025 तक ॐदुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियानॐ संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में ऐसे पशुपालकों से सीधे संपर्क किया जा रहा है जिनके पास 10 या उससे अधिक मादा पशु हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों से संवाद स्थापित कर उनके अनुभव, चुनौतियों और आवश्यकताओं को समझना तथा उन्हें आधुनिक पशुपालन तकनीक, कृत्रिम गर्भाधान और संतुलित पशु आहार से जोड़ना है।**

इसी क्रम में आज कलेक्टर नेहा मीना ने झाबुआ विकासखंड के कल्याणपुरा ग्राम पहुँचकर क्षेत्र के युवा पशुपालक रुद्र चौहान से भेंट की। चौहान वर्तमान में पशुपालन के माध्यम से आजीविका चला रहे हैं तथा उनके पास 10 भैंसें, 2 गायें एवं 5 भैंस की बछियाएँ हैं। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि उन्हें आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना के तहत सरकार से सहायता प्राप्त हुई है, जिसके माध्यम से उन्होंने अपने पशुपालन व्यवसाय को विस्तार दिया है। युवा पशुपालक श्री चौहान ने बताया कि उन्होंने हरियाणा के हिसार से मुर्रा नस्ल की उच्च गुणवत्ता वाली भैंसें खरीदी हैं वर्तमान में जिसका दूध स्थानीय बाजार में सप्लाई किया जाता है। कलेक्टर नेहा मीना ने उनकी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कम उम्र में इस तरह के प्रयास अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने चौहान को ॐमिल्क रूट (स्द्धद्यद्म ऋश्वह्लद्ग)ॐ से जोड़कर अपने व्यवसाय को व्यावसायिक स्तर पर विस्तारित करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने गौमूत्र के औषधीय गुणों को ध्यान में रखते हुए उसे डिस्टिलेशन तकनीक के माध्यम से औषधीय उत्पादों के निर्माण की दिशा में प्रयास करने का सुझाव दिया। कलेक्टर ने कहा कि संतुलित एवं पौष्टिक आहार ही स्वस्थ पशुधन का आधार है। उन्होंने पशुपालक को सलाह दी कि वे अपने पशुओं को समय-समय पर टीकाकरण (वैक्सीनेशन) अवश्य कराएँ और चारे में संतुलित पोषण सामग्री जैसे मिनरल मिक्सचर एवं हरा चारा सम्मिलित करें।

उन्होंने यह भी कहा कि जिले के अन्य पशुपालकों को सेक्स-सॉर्टेड सीमेन द्वारा कृत्रिम गर्भाधान, उन्नत नस्लों के चयन, पौष्टिक आहार निर्माण एवं पशु स्वास्थ्य प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी देने के लिए एक प्रशिक्षण कार्यशाला (वर्कशॉप) आयोजित की जाए। इस वर्कशॉप के माध्यम से पशुपालकों को तकनीकी जानकारी के साथ-साथ उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं का प्रत्यक्ष समाधान किया जा सकेगा। राज्य स्तर से जिले के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी डॉ. भगवान मगनानी ने बताया कि दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में साइलेज (स्द्बद्यड्डद्दद्ग) का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि साइलेज भूसे से कहीं अधिक पौष्टिक, स्वादिष्ट एवं सस्ता विकल्प है। यह पशुओं के पाचन के लिए भी अत्यंत लाभदायक है। डॉ. मगनानी ने बताया कि साइलेज के निर्माण के लिए मक्का की फसल सर्वाधिक उपयुक्त होती है, जो झाबुआ जिले में बड़े पैमाने पर उत्पादित होती है। उन्होंने उपस्थित पशुपालकों को घर पर ही साइलेज तैयार करने की प्रक्रिया भी समझाई। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में साइलेज उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए इच्छुक पशुपालकों के प्रकरण तैयार किए जाएँ तथा स्थानीय स्तर पर साइलेज की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि पशुपालक अपनी आवश्यकताओं के साथ-साथ आसपास के गांवों के पशुपालकों को भी यह सुविधा प्रदान कर सकें ।इस दौरान उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. ए.एस. दिवाकर, डॉ. अमित दोहरे सहित विभागीय अधिकारी, क्षेत्रीय पशुपालक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## शरद पूर्णिमा पर एक दिवसीय अखंड श्री रामायण पाठ का हुआ आयोजन

▸ सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ जिले की खुशहाली हेतु कामना की गई

**झाबुआ।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्री रामायण मंडल द्वारा स्थानीय सिद्धेश्वर कॉलोनी में रिंकू राठौर के निवास पर एक दिवसीय अखंड श्री रामायण पाठ का आयोजन किया गया। यह पाठ सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ जिले की खुशहाली एवं समृद्धि हेतु रखा गया।

प्रारंभ में पाट पर श्री रामदरबार एवं श्री हनुमानजी महाराज की तस्वीर विराजमान कर विधि-विधान से पूजन आचार्य पं. दशरथनंदन जानी ने संपन्न करवाई। यजमान के रूप में रिंकू राठौर परिवार ने लाभ लिया। बाद श्री रामायण मंडल के वरिष्ठ सदस्य हरिभाई सतोगिया, गोपालसिंह चौहान, ओपी भट्ट, प्रदीप सोलंकी आदि ने पाठ की चौपाईयों का संगीतमय, समुधर तरीके से वाचन किया। इस दौरान भगवान के समुधर भजन भी प्रस्तुत किए गए। आचार्य पं. दशरथनंदन जानी ने बताया कि माह की प्रत्येक पूर्णिमा पर श्री रामायण मंडल द्वारा अखंड श्री रामायण पाठ का आयोजन किया जाता है। यह पाठ अश्विन माह की शरदपूर्णिमा से 6 अक्टूबर, सोमवार दोपहर 11 बजे से शुरू होकर पूर्णाहूति अश्विन माह की द्वितीया पर 7 अक्टूबर दोपहर 11 बजे होगी। इस दौरान श्रीराम कथा, हवन, महाआरती एवं प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। पाठ में श्री रामायण मंडल के सदस्यों के साथ शहर के भक्तजनों ने भी समयानुसार पधारकर लाभ लिया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन में शहर के हजारों स्वयंसेवकों ने की सहभागिता

▸ जगह-जगह स्वागत द्वार एवं पुष्पों से पटी सड़के



**झाबुआ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शताब्दी वर्ष पूर्ण होने एवं विजयादशमी के उपलक्ष में शहर में निकाले गए पथ संचलन ने इतिहास रच दिया। यह पथ संचलन अब तक का सबसे बड़ा और विशाल पथ संचलन था। जिसमें हजारों स्वयंसेवकों की उपस्थिति रहीं। पथ संचलन करीब 3-4 किली लंबा होकर बौद्धिक में मुख्य वक्ता द्वारा आरएसएस के 100 वर्षों के गौरवशाली इतिहास, राष्ट्र प्रेम और भारत में हिन्दूत्व के गौरव में हुई अभिवृद्धि पर प्रकाश डाला गया। ऐतिहासिक पथ संचलन का ऐतिहासिक स्तर पर स्वागत भी हुआ। जगह-जगह स्वागत द्वार, रांगोली निर्माण और पुष्पवर्षा से सड़के पट गई।

राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में बौद्धिक एवं पथ संचलन के क्रम में झाबुआ में भी नगर पंथ संचलन ने किर्तीमान रचा। शाम 5 बजते ही शहर से स्वयंसेवकों का जमावड़ा कॉलेज मैदान पर होने लगा। यहां शाम करीब 6 बजे हजारों स्वयंसेवक की उपस्थिति दर्ज की गई। सभी स्वयंसेवक संघ निर्धारित गणवेश में दंड के साथ शामिल हुए। कॉलेज मैदान पर भव्य मंच निर्माण एवं मंच के एक ओर आरएसएस के द्वितीय सर संघचालक सदाशिवराम गोलवलकर तो दूसरी संघ के संस्थापक बलिराम हेडगेवार की तस्वीर के साथ सामने भारत माता की सुंदर रांगोली का निर्माण किया गया। मंच पर मुख्य वक्ता के रूप में आरएसएस के प्रांतीय सह-व्यवस्था प्रमुख अभिषेक गुप्ता के साथ संघ के जिला संघ चालक मानसिंह भूरिया एवं नगर संघ चालक प्रेमअदीपसिंह पंवार और मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक महासंघ जिलाध्यक्ष डॉ. नीरजसिंह उपस्थित रहे। प्रारंभ में प्रार्थना हुई। इसके पश्चात् भारत माता की पूजन की गई। तत्पश्चात् शस्त्र पूजन हुई। स्वयंसेवकों ने सामूहिक घोष किया।

### राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रभक्ति ही सर्वोपरि है

अतिथि परिचय बाद मुख्य वक्ता आरएसएस के प्रांतीय सह-व्यवस्था प्रमुख अभिषेक गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक आज अपने 100 वर्ष पूर्ण कर चुका है। इस 100 वर्ष में संघ को सिंचने में आरएसएस के लाखों स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं है। आरएसएस ने हमेशा राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रभक्ति को जगाने का कार्य किया है। हिन्दूत्व के गौरव में अभिवृद्धि की है। संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में अनेकों गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। संघ का इतिहास गौरवशाली, अनुशासन और आदर्शों से परिपूर्ण रहा है। आरएसएस एक ऐसी संस्था है, जिसमें राष्ट्र के प्रति पूर्ण निष्ठा, समर्पण और कर्तव्य परायणता की भावना कूट-कूटभरी हुई है। आपने कहा कि प्रत्येक स्वयंसेवक को संघ की शाखाओं, बैठकों और गतिविधियों में नियमित आकर एकजुटता का परिचय देना चाहिए।

हजारों स्वयंसेवकों का निकला पथ संचलन- बौद्धिक बाद कॉलेज मैदान से कतारबद्ध होकर बैंड, घोष और वाद्यों के साथ हजारों स्वयंसेवक कदमताल करते हुए निकले। यह पथ संचलन करीब 3-4 किमी लंबा रहा। संचलन में पुरूष वर्ग में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की सहभागिता रहीं। सभी में राष्ट्र के प्रति प्रेम की अटूट भावना दिखाई पड़ी। यह पथ संचलन शहर के कॉलेज मैदान से श्री रामशरणम् परिसर, मां अम्बे माता मंदिर परिसर, राजवाड़ा, लक्ष्मीबाई मार्ग, थांदला गेट, मेन बाजार, बस स्टैंड चौराहा से पुनः थांदला गेट, बाबेल चौराहा, आजाद चौक, श्री गौवर्धननाथ मंदिर तिराहा से पुनः राजवाड़ा, श्री चारभुजानाथ मंदिर परिसर, नेहरू मार्ग पर महाकालिका माता मंदिर, शिशु बाल विद्या मंदिर परिसर, भोज मार्ग, कॉलेज मार्ग होते हुए पुनः कॉलेज मैदान पर समापन हुआ।

जोरदार स्वागत हुआ-पथ संचलन का अम्बे माता मंदिर पर त्रिवेणी परिवार एवं वार्ड क्र. 1 पार्षद मित्र मंडल, राजवाड़ा पर राजवाड़ा मित्र मंडल द्वारा तोप से चमकीली पन्नीयों की बौछार की गई। लक्ष्मीबाई मार्ग, थांदला गेट पर प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन, बस स्टैंड पर वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन, श्री गौवर्धननाथ मंदिर तिराहे के समीप गायत्री परिवार बसंत कॉलोनी के साथ कई अन्य सामाजिक-धार्मिक संगठनों, समाजजनों ने पथ संचलन का ऐतिहासिक स्वागत किया। कई लोगों ने अपने घरों की छतों से भी पथ संचलन पर पुष्प वर्षा की। पूरा आयोजन गरिमामय एवं अनुशासन के साथ ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ।

## प्राचीन श्री बाल रूप हनुमान मंदिर में शरद पूर्णिमा पर हवन का आयोजन

**झाबुआ।** शहर के राजवाड़ा पर पानी की टंकी के सामने स्थित प्राचीन श्री बालरूप हनुमान मंदिर पर 6 अक्टूबर, सोमवार को शरद पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से एवं हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंदिर में एक कुंडीय हवन, महाआरती एवं प्रसादी का आयोजन हुआ।

जानकारी देते हुए मंदिर के पूजारी गोपालदास बैरागी ने बताया कि प्रातः 9.30 बजे श्री हनुमानजी महाराज का श्रृंगार कर चोला चढ़ाया गया। मंदिर में भगवान के सम्मुख फूलों से राम की सुंदर आकृति बनाई गई। 10.30 से 11.30 बजे तक मंदिर परिसर में एक कुंडीय यज्ञ संपन्न हुआ। हवन विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ युवा ज्योतिषाचार्य पं. जैमिनी शुक्ला ने संपन्न करवाया। हवन में यजमान के रूप में दीक्षिता, पवन, दिलीप संघवी परिवार ने लाभ लिया।

**एक नजर** शहर में चल समारोह निकाला गया, अजमीढ़ महाराज की महाआरती एवं महाप्रसादी (भंडारे) का हुआ आयोजन

# स्वर्णकार समाज ने पितृ पुरुष अजमीढ़ महाराज का जन्मोत्सव हर्षोल्लासपूर्वक मनाया



**झाबुआ। श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज झाबुआ द्वारा स्वर्णकार समाज के आदि पुरुष महाराजा अजमीढ़ का जन्मोत्सव हर्षोल्लासपूर्वक मनाया। राधाकृष्ण मार्ग स्थित श्री मेढ़ क्षत्रिय श्री सत्यनारायण मंदिर पर सुबह आरती, पूजन के पश्चात यहां से समाजजनों द्वारा बैंड-बाजों के साथ शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए अजमीढ़ महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमे समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।**

शरद पूर्णिमा एवं अजमीढ़ महाराज के जन्मोत्सव पर समाजजनों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए आकर्षक भक्तिमय नृत्य किया। शोभायात्रा पश्चात् स्थानीय कॉलेज मार्ग पर शिव वाटिका में अजमीढ़ महाराज की महाआरती की गई। इसके बाद समाज के वरिष्ठजन एवं प्रतिभावान बच्चों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के मुख्य परामर्शदाता ओमप्रकाश कड़ेल, बाबूलाल मांडन, बाबूलाल खजवानिया, महिला इकाई की अध्यक्ष माधुरी सोनी, समाज जिलाध्यक्ष चंचला सोनी एवं समाज की वरिष्ठ सदस्य कुंता सोनी आदि ने समाज के पितृ पुरुष अजमीढ़ महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पश्चात् समाजजनों ने एक साथ, एक स्वर में अजमीढ़ महाराज की बड़ी ही सुंदर एवं भावपूर्ण आरती की। कार्यक्रम में ज्योति सोनी द्वारा सुंदर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। स्वर्णकार समाज अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी ने समाज कार्यों की जानकारी देते हुए अभिवादन के साथ स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों दाऊदयाल सोनी, बाबूलाल खजवानिया, प्रताप खजवानिया, बाबूलाल मांडन, महेश अग्रोया, ओमप्रकाश कड़ेल, ओमप्रकाश जसमतिया, बिहारीलाल सोनी, मोहनलाल अग्रोया, गिरधारी मिंडिया एवं समाज की वरिष्ठ महिला सदस्यों में गंगाबाई कड़ेल, रमिलाबाई सोनी, कमलाबाई सोनी, सुशीला सोनी, रुक्मणी सोनी,कृष्णा सोनी, तारा सोनी, कृष्णा मदनलाल सोनी, कुंता सोनी,तारा मोहनलाल सोनी, कला सोनी, पदमा सोनी, कुसुम नारायण सोनी आदि का समाजजनों ने पुष्पमाला एवं शाल-श्रीफल से अभिनंदन किया।

**प्रतिभावान बालक-बालिकाओं का हुआ सम्मान**

समाज के प्रतिभावान बच्चों में प्रत्यक्ष कमलेश सोनी, वंश पवन सोनी, गौरी मयंक सोनी, दिव्यांशी अनिल सोनी, बबली लक्ष्मीकांत सोनी, प्रशंसा अजय सोनी, हितांशी अजय सोनी, अमृता योगेश सोनी एवं स्नेहा कीर्ति सोनी पिटोल आदि का पुष्पहारों के साथ शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज में शामिल हुए नए सदस्यों का भी स्वागत हुआ ।कार्यक्रम में स्वर्णकार समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के महामंत्री बद्रीलाल सोनी ने भी अपने प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे बड़े ही उत्साह के साथ शामिल हुए एवं सभी ने हर्ष व्यक्त करते हुए सहभोज का भी आनंद लिया।

### शरद पूर्णिमा पर मंदिर में रात्रि में विशेष आरती-प्रसादी का हुआ आयोजन

श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार मंदिर के पूजारी पं. प्रदीप भट्ट ने बताया कि रात्रि में श्री सत्यनारायण मंदिर पर शरद पूर्णिमा उत्सव भी मनाया गया। जिसमे स्वर्णकार समाज महिला इकाई अध्यक्ष माधुरी सोनी के मार्गदर्शन में बच्चों का फैंसी ड्रेस कार्यक्रम, मनोरंजक गेम्स एवं महिला रास के साथ प्रभु की विशेष आरती की गई। कार्यक्रम में समाजजनों ने शरद पूर्णिमा के चंद्रमा की अमृत वर्षा का प्रसाद ग्रहण कर हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी एवं सचिव प्रवीणकुमार सोनी ने सभी को सफल कार्यक्रम की बधाई देते हुए बताया कि स्वर्णकार समाज के आगामी अन्नकूट एवं सहभोज आयोजन के लाभार्थी प्रदीप रमनलाल सोनी रहेंगे। समाज के सम्मान समारोह कार्यक्रम का संचालन प्रवीणकुमार सोनी (चाकलिया) ने किया एवं आभार स्वर्णकार समाज कोषाध्यक्ष मनोज सोनी ने माना।